हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025

14 मनखे-मनखे एक समान के संदेश के प्रचार के लिए ...

13 खरथुली में गठित छात्र संसद को प्राचार्य ने ...




B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# 20 को भव्य और दिव्य कांवड़ यात्रा, लाखों बार जलाभिषेक की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुंदा

सावन मास में 20 जुलाई को छत्तीसगढ़ प्रदेश का सबसे का बालोद जिले मे सबसे बड़े काँवड़ यात्र का आयोजन होगा। यात्र मे करीब 1 लाख श्रद्धालु जलाभिषेक मे शामिल होंगे। यात्र मटिया, टिकरी से परसतराई होते हुए डुंडेरा, कुरदी से कमरौद और खुटेरी, कोड़ेवा से निकलकर धनगांव, चौरेल, कुरदी होते कमरौद पहुंचेगी। जिसमे बड़ी संख्या में सनातनी यात्र मे शामिल होंगे। वही सैकड़ो युवाओं की टोली यात्र की तैयारी मे लगे है। सावन के पवित्र माह मे जलाअभिषेक को मान्यता दी गईं है, आयोजन टोली के पंकज चौधरी, वामन साहू ने बताया यह आयोजन सनातन शक्ति का उद्घोष है बड़ी संख्या मे हिन्दू परिवारों का संगम है। कार्यक्रम की तैयारी मे लगे यात्र के सदस्य पंकज चौधरी और वामन साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश का सबसे विशाल काँवड़ यात्र होगा, जिसमें सैकड़ो युवा 3 महीने से तैयारी मे जुट गये है, आयोजन अपने घर के जल से जलाभिषेक और विभिन्न श्रदालुओं के अन्नदान से हजारों की संख्या मे महाभंडारा प्रसादी ग्रहण करेंगे।

**पचरा गीत और सनातन पर संवाद :** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक पं आचार्य युवराज पांडेय और महात्यागी राम बालकदास महराज जी काँवड़ यात्र मे दोनों ही संत विभिन्न स्थानों मे यात्र के दौरान श्रद्धांलुओं के साथ चलेंगे।

## एक लाख से ज्यादा लोगों के आने का दावा, तीन माह तैयारी हो रही, भंडारे का भी आयोजन





### संगीत उत्सव का आकर्षण

काँवड़ यात्र मे शिव भजनों की गीत संगीत आकर्षण का केंद्र होता है यात्र मे संगीतकार सुहानी, हिमांशु, दुर्गा सिन्हा, छमता के साथ श्रीं बैंड जतिन निषाद की टीम की प्रस्तुति के साथ विभिन्न गाँवो से डीजे और धुमाल के माध्यम से संगीत का कौरवा यात्र मे शामिल होगा।

## खबर संक्षेप

### पुत्र ने पिता पर हंसिए किया से हमला, बहू की उंगली कटी

**बालोद।** रात का खाना खाने के दौरान उधारी रकम की बात को लेकर बाप बेटे मे खूनी संघर्स हो गया। जिसमे बेटे ने अपने पिता पर हंसिया से हमला कर दिया। जिसे छुड़ाने पहुंची बहु की उंगली हंसिया से कट गई। जिसमे मारपीट के खिलाफ पिता ने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार मामला ग्राम टिकरी का बताया जा रहा है। जहां गंजनदास सोनवानी ने पुलिस को जानकारी दी है कि रात को घर में खाना खा रहा था। इस दौरान बेटा राधेलाल उधारी के पैसे को लेकर विवाद किया। उधारी लेने की बात पर गाली गलौज की। इस दौरान बेटे को समझाइश देने पर बेटा जान से मारने की धमकी देकर मुझे हंसिया से कान के नीचे वार किया। इस दौरान बीच हमले से बचाव के दौरान मेरे अंगूठा में चोट लगा है। वही बेटे द्वारा किए गए हमले को छुड़ाने पहुंची बहू उनिया बाई सोनवानी का हसिया से दोनों दाहिने हाथ की उंगली कट गई।

### दोस्त के साथ मिलकर की भाई को पिटाई, रिपोर्ट दर्ज



**बालोद।** खाद की बात को लेकर दो भाईयो मे मारपीट हो गई। जिसमे रात को अपने घर जा रहे मानसिक रूप से कमजोर भाई को दूसरे भाई ने अपने दोस्तो के साथ मिलकर मारपीट कर दी। मामला ग्राम डुडिया का बताया जा रहा है। जहां अपने पिता के साथ हुए मारपीट के बाद बेटी ने अपने चाचा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मेनका यादव ने पुलिस को जानकारी दी है कि पिता सोमन यादव के साथ खाद को लेकर विवाद होने की जानकारी चाचा अनिल यादव ऊर्फ चौतू को दी थी। पिता मानसिक रूप से कमजोर हैं। जो रात 8.30 बजे अर्जुन्दा से घर जा रहा था। इस दौरान डुडिया नाला पुलिया के पास खाद को लेकर चाचा अनिल यादव व उसके दो दोस्त ने पिता को रोककर हाथ मुक्का व डंडे से मारपीट की। जिससे सिर, आंख पर गंभीर चोट लगी। अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## पत्रवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष चद्रेश हिरवानी बिजली विभाग के कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी

# बिजली दरों में वृद्धि का विरोध में कांग्रेस ब्लाक मुख्यालयों में 22 को प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिले मे बढ़ती बिजली दरो के कारण आम जनता को हो रही दिक्कतो को देखते हुए जिला कांग्रेस द्वारा 22 जुलाई को बिजली विभाग कार्यालय का घेराव करेगी। साथ ही जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में भी विरोध प्रदर्शन कांग्रेस द्वारा किया जाएगा।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष चद्रेश हिरवानी ने कहा कि साय सरकार ने डेढ़ साल के भीतर बिजली दरों में चार बार वृद्धि कर उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। हिरवानी ने कहा कि इस बार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट और गैर–घरेलू उपयोग के लिए 25 पैसे की वृद्धि की गई है। वहीं, कृषि पंपों पर 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी कर किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया गया है।

काग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार ने डेढ़ साल में कुल 80 पैसे (करीब 13 प्रतिशत) बिजली दरें बढ़ाई हैं, जबकि कांग्रेस शासन में पांच वर्षों में केवल 2 पैसे की वृद्धि हुई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बिजली बिल हाफ योजना के तहत 65 लाख उपभोक्ताओं को राहत दी गई थी और किसानों को 5 एचपी तक मुफ्त बिजली मिली थी।

हिरवानी ने आरोप लगाया कि सरकार बिजली चोरी और लाइन लॉस रोकने में विफल रही है, लेकिन इन घाटों की भरपाई उपभोक्ताओं से की जा रही है। कई सरकारी विभाग और उपक्रम बिजली बिल जमा नहीं कर रहे, पर इसका असर आम लोगों पर डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोयला, पानी और जमीन हमारी है, लेकिन हमें ही महगी बिजली खरीदनी पड़ रही है।

### प्रीपेड मीटर लगाना जनविरोधी निर्णय

केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए हिरवानी ने कहा कि कोयले पर ग्रीन टैक्स, रेलवे मालभाडा और डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से बिजली उत्पादन महंगा हुआ है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि अडानी ग्रुप से महंगे दरों पर कोयला खरीदने के लिए बिजली कंपनियों को बाध्य किया जा रहा है। उन्होंने प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी को भी जनविरोधी करार दिया। प्रेसवार्ता के अंत में हिरवानी ने बताया कि 22 जुलाई को कांग्रेस पाटऍ बालोद में बिजली विभाग कार्यालय का घेराव करेगी। साथ ही जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में भी विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में रतिराम कोसमा, पुरुषोत्तम पटेल, मिथलेश नुरेटी, अनिल चेनानी, अंचल प्रकाश साहू और कमलेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# बॉक्सिंग में जिले के खिलाड़ियों तीन स्वर्ण समेत 10 पदक बटोरे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राज्यस्तरीय सब जूनियर अमेचुअर बॉक्सिंग चौंपियनशिप बालक व बालिका वर्ग मे आयोजित प्रतियोगिता मे जिले के खिलाड़ियो ने 3 स्वर्ण, 3 रजत, 4 कांस्य पदक पर कब्जा किया।

17वी राज्यस्तरीय सब जूनियर अमेचुअर बॉक्सिंग चौंपियनशिप बालक व बालिका वर्ग बिलासपुर के रेलवे बॉक्सिंग क्लब में 11 जुलाई से 13 जुलाई तक आयोजित किया गया। जिसमे बालोद जिला से पहली बार 13 खिलाड़ी, 2 कोच व 1 मैनेजर ने भाग लिया। जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष सोमेश सोरी व सचिव एल संजय के मार्ग दर्शन में जिला के कोच टामिन साहू, तेजिंदर हिरवानी, किशोर नाथ योगी ने बताया कि इशिता टंडन, काव्या साहू, आयुष कुमार को स्वर्ण पदक, लेमेश साहू, नैतिक कुकरेजा व गीत कुमारी को रजत पदक तथा कांस्य पदक में लिकेश धुरव, दीपेश बघेल, अवेंद्र निर्मलकर व यूशिका ने कब्जा किया।

कुल 8 बालक खिलाड़ी एवं 5 बालिका खिलाड़ी शामिल हुए तथा सूर्यांश सोनी एवं रितिका सरकार का उत्—ष प्रदर्शन रहा। बालोद जिले के सचिव एल संजय अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी ने बताया की जिले में निरंतर बॉक्सिंग का विकास हो रहा है जिसके लिए समय समय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे है, जिसमे विशेष योगदान जिला के कोच किशोर नाथ योगी, टामिन साहू, तेजेंदर हिरवानी का रहा।

# करंट से 5 साल के बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

घर मे खेल रहे बच्चे ने खेलते खेलते घर मे रखे टेबल पंखा का बटन दबा दिया जिससे बच्चे को जोर का झटका लगा और मौके पर ही वह बेहोश हो गया जिसके बाद परिजनो द्वारा बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोशित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार यह मामला बालोद थाना के अंतर्गत ग्राम सांकरा (ज) का है जहां 5 वर्शीय शिवम दुबे घर मे खेल रहा था, इसी दौरान खेलते खेलते बच्चे ने घर मे रखे टेबल पंखा के बटन को दबा दिया। इस दौरान पंखे मे तकनीकी गड़बड़ी के कारण करंट दौड़ने के वजह से जब बच्चे ने बटन दबाई वह झटका लगने से वही गिर गया। इस दौरान बच्चे को झटके के साथ नीचे जमीन मे गिरते देख जब परिजनो द्वारा उसे उठाकर देखा गया तो वह बेहोश हो गया था। इसके बाद परिजनो द्वारा बच्चे को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोशित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार 5 वर्शीय शिवम दुबे को परिजनो ने एक माह पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल मे दाखिला करवा था लेकिन बच्चे की मौत के कारण परिजनो के साथ ग्रामीणो मे शोक व्याप्त है।



### बिजली करंट से मजदूर गंभीर

**बालोद।** अपने दोस्तो के साथ एक मकान की पुताई कर रहा युवक करेंट की चपेट मे आ गया। जिसके बाद उसे दोस्तो के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तवेरा निवासी शेखर बारले 27 वर्श गुण्डरदेही के एक मकान का पुताई कर रहा था इसी दौरान युवक द्वारा पुताई के लिए वहां से गुजरे एक केबल वायर को पुताई के लिए हटा रहा था इसी दौरान वह करेंट की चपेट मे गया। जिसके बाद उसके साथ काम करने वाले लोगो द्वारा उसे अस्पताल पहुंचाया गया। वर्तमान मे युवक का ईलाज जारी है। वही पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है कि किसके लापरवाही के कारण यह घटना घटित हुई है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव ने 'मोर गांव मोर पानी' अभियान की पुस्तिका का विमोचन किया

हरिभूमि न्यूज. ▸▸| दल्लीराजहरा



भाजपा नेता यशवंत जैन, चेमन देशमुख और सौरभ लुनिया ने बताया कि यह अभियान ग्राम पंचायतों की प्रतिबद्धता और जनता के सहयोग का अद्वितीय उदाहरण है, जो आने वाले समय में और भी व्यापक प्रभाव डालेगा।

जल संरक्षण को लेकर ग्राम पंचायतों की सक्रियता और जनसहभागिता अब सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बन चुकी है। विधानसभा परिसर में 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान पर आधारित पुस्तिका का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अभियान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे जनआंदोलन करार दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जिस उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ जल संरक्षण के कार्य हो रहे हैं, वह प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है।उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रारंभ किए गए इस अभियान ने गांव-गांव में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता की नई लहर पैदा की है। इस अभियान में जनता की स्वेच्छा से भागीदारी, जल को लेकर उनकी जागरूकता और योगदान इस बात का संकेत है कि समाज अब पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को आत्मसात कर रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंचायत विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारीक, मनरेगा आयुक्त एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालक तारण प्रकाश सिन्हा समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। पुस्तिका में राज्य की विभिन्न पंचायतों द्वारा किए गए नवाचार, सफल प्रयास और स्थायी जल संरचनाओं की जानकारी संकलित की गई है, जो अन्य पंचायतों के लिए मार्गदर्शक बनेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि जल संरक्षण को जनचेतना ▸▸| शेष पेज 13 पर

# जिला झेरिया रजक समाज की कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

**बालोद।** जिला बालोद झेरिया धोबी रजक समाज का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमे जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए एवं कार्यकारिणी भी घोषित किया गया। झेरिया धोबी समाज जिला बालोद के जिलाध्यक्ष का निर्वाचन सामाजिक भवन सिवनी बालोद में संपन्न हुआ।

- जिलाध्यक्ष पवन गंगबेर और महासचिव सुरेश निर्मलकर मनोनीत

समाज प्रमुखों ने सर्वसम्मति प्रस्ताव पारित किया। निर्वाचन के लिए कोर कमेटी निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया। इनके द्वारा निरोध निर्वाचन की घोषणा किया गया। जिलाध्यक्ष पवन गंगबेर, जिला उपाध्यक्ष भारत निर्मलकर, बालोद जिला महासचिव सुरेश निर्मलकर, दल्लीराजहरा जिला कोषाध्यक्ष छन्नू निर्मलकर, गुण्डरदेही से सलाहकार लक्ष्मण निर्मलकर, निर्णायक रामलाल निर्मलकर, रनचीराई सलाहकार फतेलाल निर्मलकर, महिला प्रकोष्ठ रंजन निर्मलकर सभी सहमति समन्वय बनाकर कार्यकारिणी घोषणा किया गया।

जिलाध्यक्ष पवन गंगबेर ने कहा समाजहित सर्वोपरि प्राथमिकता है जिले में सभी सामाजिक लोगों को विकास हो जो भी संभव हो प्रयास करेंगे। शिक्षा साथ युवा समिति महिला को साथ स्वरोजगार से जोड़ना पहली प्राथमिकता है, समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ मिले समाज के द्वारा अन्य ▸▸| शेष पेज 13 पर

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

# स्काउट्स-गाइड्स की बैठक में कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



भारत स्काउट्स और गाइड्स जिला संघ बालोद की वार्षिक कार्ययोजना बैठक जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया।

बैठक में अंशदान पंजीयन, व्यक्तिगत वारंट पंजीयन शुल्क तथा जिला एवं राज्य सदस्यता अभियान पर व्यापक चर्चा की गई। साथ ही तृतीय सोपान जांच शिविर एवं राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए।

जिला संघ की वार्षिक कार्ययोजना के तहत वर्ष भर संचालित होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। विशेष रूप से 19 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रेरणादायक सामाजिक सेवा कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया। दो लाख वृहद पौधारोपण महाअभियान" के अंतर्गत जिलेभर के स्काउट्स – गाइड्स के माध्यम से पौधारोपण किए जाने की कार्ययोजना तैयार की गई, जिसके लिए सभी इकाइयों को निर्देशित किया गया है। बैठक में जिला संगठन आयुक्त विभिन्न स्कूलों के स्काउटर, गाइडर जिला पदाधिकारीगण एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

बैठक में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही नवीन यादव, डौंण्डी लोहारा हिमांशु मिश्रा, बालोद मोहनी यादव, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी गाइड प्रेमलता चंद्राकर, डीओसी स्काउट नेम सिंह साहू, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, डीटीसी स्काउट भुवन सिन्हा, डीटीसी गाइड सीमा साहू, ब्लॉक सचिवगण रूपेंद्र सिन्हा, मनी राम साहू, चंद्रशेखर दिल्लीवार, छगन बंसोर, एसआर प्रेमन, सयुक्त सचिव नोम साहू, घनेश्वरी साहू, तनूजा बंजारे, लिलिपुष्पा एक्का उपस्थित थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्रावास में दिलाया प्रवेश



**दुर्ग।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश, संरक्षक रमेश सिन्हा ने बाल गृह और बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए बड़ी पहल की है। विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में वसूली गई अर्थदण्ड की राशि इन बच्चों की देखरेख करने वाली संस्थाओं के पास जमा कराने के आदेश दिया है। आदेश 11 सितंबर 2024 से 11 जुलाई 2025 तक की अवधि के लिए दिया गया है। इस दौरान कुल 4 लाख 2 हजार रुपए की राशि जमा कराई जानी है। इसमें से 2 लाख 6 हजार रुपये दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित संस्था में जमा हो चुके हैं। वहीं, 1 लाख 79 हजार रुपये बाल संप्रेक्षण गृह में जमा किए जा चुके हैं। यह राशि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, खेल सामग्री, शिक्षाप्रद पुस्तकें और मानसिक विकास से जुड़ी गतिविधियों के लिए उपयोग की जाएगी। एक निर्धन एवं जरूरतमंद बालिका को विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र कन्या दुर्ग के छात्रावास में प्रवेश दिलाने में अहम भूमिका निभाई गई। बरेबेड़ा कांकेर निवासी मेधावी छात्रा आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर पृष्ठभूमि से थी, जिसने अपनी कठिन आर्थिक व सामाजिक परिस्थितियों के बाद भी अपने अध्ययन को निरंतर जारी रखा था। उसे छात्रावास में प्रवेश आवश्यक थी। उसे प्रवेश दिलाने में विधिक सेवा प्राधिकरण ने सहयोग प्रदान किया।

### बेदखली कार्रवाई में व्यवधान, शिकायत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग टीम द्वारा मंगलवार को सेक्टर 2 रोड में अवैध बांस बल्ली हटाए गए। इस दौरान एचएससीएल क्वार्टर निवासी एक व्यक्ति द्वारा साथियो के साथ कर्मियों के साथ गालीगलौच धक्का मुक्की और घसीटकर मारने व पत्थर मारने की धमकी दी गई। व्यक्ति द्वारा सेक्टर 6 में भी बेदखली कार्रवाई में बाधा उत्पन्न की गई। विभाग द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर और एसपी के साथ भट्ठी थाना में एफआईआर कराने के लिए शिकायत की गई है। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर ने इस घटना की निंदा की है।

### टाउनशिप में प्रिवेंटिव प्रयास से डेंगू नियंत्रण

**भिलाई।** टाउनशिप में डेगू को नियंत्रित करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के जन स्वास्थ्य अनुभाग और जिला मलेरिया विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे डेंगू रोकथाम और नियंत्रण अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक टाउनशिप में डेंगू का एक भी मामला सामने नहीं आया है इस अभियान के अंतर्गत घर-घर सर्वे, जलजमाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण, टेमीफॉस का निशुल्क वितरण, छिड़काव एवं फॉगिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। जिला मलेरिया विभाग द्वारा प्रदान की गई 120 ब्रीडर चेकर की समर्पित टीम प्रतिदिन टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में व्यापक गतिविधियाँ चला रही है। अब तक टाउनशिप के 40 हजार से अधिक घरों में डेंगू के लार्वा की उपस्थिति की जाँच की जा चुकी है।

# केन्द्र एवं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाएं : नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप देश को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु केन्द्र व राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी–कर्मचारियों का यह दायित्व है कि शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद लोगों तथा समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुँचाने में हम सभी निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में नाग ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों पर संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा करने के उपरांत आज आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के बैठक की निर्धारित एजेंडा के संबंध बारी–बारी से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि केसी पवार, जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के अध्यक्ष के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद भोजराज नाग शामिल हुए




### पौधारोपण अभियान की भूरी-भूरी सराहना भी की

बैठक में सांसद नाग ने आम जनता के हित में जिले में शासकीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी–कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर कार्य योजना बनाने तथा निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नाग ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी–कर्मचारियों से कुपोषण मुक्ति एवं टीबी मुक्त भारत अभियान एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण एवं रचनात्मक कार्यों में भी अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर सांसद नाग ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के विशेष प्रयासों से बालोद जिला प्रशासन द्वारा रविवार 20 जुलाई को जिले में आयोजित की जा रही वृहद वृक्षारोपण अभियान की भूरी–भूरी सराहना भी की। बैठक में नाग ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के आधार पर —षि विभाग के उप संचालक से आज जनता के जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिले में किए जा रहे कार्य तथा इसके समुचित प्रचार–प्रसार के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में कुल स्वी—त एवं पूर्ण–अपूर्ण आवासों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली।

## बैठक

**पौधारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री मंत्री विजय शर्मा और सांसद भोजराज नाग होंगे शामिल**

# 20 को वृहद पौधारोपण कार्यक्रम की तैयारी की कलेक्टर ने समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा




कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले में रविवार 20 जुलाई को आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में 20 जुलाई को आयोजित होने वाली वृहद पौधारोपण कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय एवं कार्यालय प्रमुखों से बारी–बारी से चर्चा कर वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत अपने–अपने विभाग एवं कार्यालयों के द्वारा पौधारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं पौधों की उपलब्धता आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। मिश्रा ने कहा कि बालोद जिले वासियों द्वारा 20 जुलाई को वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा।

उन्होंने इस पुनीत कार्य में जिले के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, आम नागरिकों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को सोमवार 14 जुलाई को बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण रत्न से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

**वनमहोत्सव कार्यक्रम में सुबहः** बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि 20 जुलाई को सुबह 10 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित पौधारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग सहित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे। इसी तरह उन्होंने विकासखण्ड मुख्यालयों में आयोजित समारोह में स्थानीय विधायकों के अलावा जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। नगरीय निकायों में आयोजित समारोह में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने जिले के सभी स्थानों में आयोजित समारोह में अधिकारी–कर्मचारियों सहित आम नागरिकों की समुचित भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में आयोजित यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन व्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से सुनिश्चित की जाए। इसके लिए उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिले के सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में आयोजित कार्यक्रमों में वर्चुअल संपर्क स्थापित करने हेतु अधिकारियों को समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में नगर पालिका परिषद बालोद के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के बुढ़ा तालाब में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागों, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों सहित विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में 20 जुलाई को पौधारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य, पौधों की समुचित उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की बारी–बारी से समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर बुधवार 16 जुलाई को सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए जरूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से डौण्डी विकासखण्ड सहित जिले के सभी मलेरिया प्रभावित क्षेत्रें में मलेरिया के रोकथाम हेतु की जा रही उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए शालाओं में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की समुचित पदस्थापना हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शालाओं में आवश्यकतानुसार अतिथि शिक्षकों की भतएँ सुनिश्चित कराने हेतु शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

# बैंकों की तरह इस्पात सार्वजनिक क्षेत्रों का जरूरी है रणनीतिक विलय

**भिलाई।** सेफी ने इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का रणनीतिक विलय की मांग की है।इससे सेल के विस्तार में मदद मिलेगी और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा भी की जा सकेगी। दिल्ली में सेफी काउंसिल की की हुई बैठक में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय का संकल्प पारित किया था। इससे सेफी से संबद्ध इस्पात मंत्रालय के अधीन उपक्रम सेल, आरआईएनएल, नगरनार इस्पात संयंत्र, एनएमडीसी, मेकॉन आदि का रणनीतिक विलय कर इस्पात मंत्रालय के तहत एक मेगा स्टील पीएसयू का गठन किया जा सके। सेफी के संकल्प को आधार बनाकर 1 दिसंबर 2021 को लोकसभा में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय के विषय पर चर्चा की गई पीएम से 7 मई 2025 को अनुरोध किया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के सभी इस्पात उपक्रमों का रणनीतिक विलय किया जाए। सेफी चेयरमेन एनके बंछोर ने बताया कि इस्पात मंत्रालय द्वारा सेफी को सूचित किया गया कि इस अपील को सुझाव के रूप में स्वीकार किया गया है। इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव दया निधान पाण्डेय ने यह पत्र सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर को प्रेषित किया है। सरकार के इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार सेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी को सरकार के इस्पात नीति 2030 के तहत क्षमता विस्तार 20 मिलियन टन से 35 मिलियन टन) के लिए निर्देशित किया गया है। इसके तहत सेल को विस्तारीकरण का बड़ा लक्ष्य दिया गया है जिसके तहत एक लाख करोड़ रूपये की राशि का निवेश 2030 तक करने की योजना है। । सेफी प्रारंभ शुरु से ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अंधाधुंध निजीकरण एवं विनिवेश के स्थान पर, पुर्नगठन तथा रणनीतिक समायोजन की मांग सरकार से करता रहा है। विनिवेश किये जाने वाले इन इकाईयों की क्षमता पर अगर गंभीरतापूर्वक विचार करें तो इन इकाईयों के अलग-अलग क्षमताओं तथा उपलब्ध संसाधनों को मिलाकर एक लाभकारी रणनीति बनाई जा सकती है ।

- दी संकल्प पारित होने की जानकारी, विलय से सेल के विस्तार में मिलेगी मदद

# स्वास्थ्य विभाग के 16 हजार कर्मचारी आज से रहेंगे दो दिवसीय हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम कर्मचारी दो दिन की हड़ताल पर चले गए हैं। सभी कर्मचारी 16 व 17 जून को हड़ताल पर शामिल होंगे। यह आंदोलन छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ विभाग के एनएचएम कर्मचारी संघ के आव्हान पर 10 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा है। इस आंदोलन में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के एनएचएम के 16 हजार से अधिक कर्मचारी एक साथ शामिल होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि सरकार पर दबाव बनाने के लिए संघ एक साथ इतनी बड़ी हड़ताल कर रहा है।

- एनएचएम में समान वेतन ग्रेड पे सहित अन्य मांगों को लेकर करेंगे प्रदर्शन



### ये है एनएचएम कर्मियों की मांगे

एनएचएम कर्मचारियों की मुख्य मांगे समान कार्य समान वेतन है। उनका कहना है कि उन्हें भी नियमित कर्मचारियों की तरह ग्रेड पे, जाब सुरक्षा, अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा अवकाश, मेडिकल बीमा जैसी आवश्यक सुविधाएं भी मुहैया मिलनी चाहिए।

### 10 सूत्री मांगों को लेकर सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

15 जुलाई को जिला चिकित्सालय दुर्ग के एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर जिला चिकित्सालय दुर्ग के सिविल सर्जन अधिकारी डॉ. आशीषन कुमार मिंज को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर दुर्ग जिला के एनएचएम के जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, जिला एन एच एम के पदाधिकारी डॉ. ओ पी वर्मा, योगेश चंद्राकर, ललित कुमार साहू, कविता ताम्रकार, हिमांशु चंद्राकर, पूजा शर्मा, नेहा वर्मा, हिमरानी साहू, त्रिलोक चंद, वेगु गजपाल, रविना उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय दुर्ग से 108 अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल में शामिल हो रहे हैं।

# हत्या केस की जांच में एक्सपर्ट की लें मदद, डिजिटल गैजेट्स का हो उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हत्या केस को लेकर ऑनलाइन इंवेस्टिगेशन का प्रशिक्षण कार्यक्रम दुर्ग रेंज में किया गया। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के साथ साथ दोष सिद्ध पर भी विवेचक ध्यान दे। हत्या के मामलों की प्रभावी जांच के लिए विशेष प्रशिक्षण का उद्देश्य विवेचकों को हत्या के प्रकरणों की जाँच में दक्ष बनाना है। घटनास्थल से लेकर न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने तक की समाग्री प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में स्वयं आईजी पावर पाइंट प्रजेटेंशन के माध्यम से मार्गदर्शन किया गया। इसमें सूचना प्राप्ति के बाद तुरंत कार्रवाई , घटनास्थल पर रवाना होने की प्रक्रिया, घटनास्थल निरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण सावधानियाँ,तकनीकी बिंदु, भौतिक, वैज्ञानिक, डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित करने की विधियाँ, पंचनामा, पीएम की प्रक्रिया, उससे जुड़ी संवेदन शीलता, आरोपी की पहचान, तलाश,गिरफ्तारी के बाद की वैधानिक प्रक्रिया, साक्ष्य प्रस्तुति, केस डायरी,चार्जशीट के दस्तावेजीकरण की रणनीति को विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में एसएसपी विजय अग्रवाल , बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू, एसपी बालोद योगेश पटेल समेत रेंज के राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी भी ऑनलाइन में शामिल हुए।

- आईजी की बैठक में दुर्ग, बालोद बेमेतरा से अफसर ट्रेनिंग में पहुंचे



### विवेचना को और अधिक प्रभावी बनाएं

आईजी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य था कि विवेचक हत्या केस की हर कड़ी को वैज्ञानिक, संवेदनशील, वैधानिक ढंग से समझ सकें। इससे न्यायिक प्रक्रिया में मजबूत साक्ष्य के आधार पर अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। आईजी ने प्रशिक्षण के अंत में सभी अधिकारियों से अपील किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने दैनिक कार्य में लागू करें। गंभीर अपराधों की विवेचना को और अधिक प्रभावी बनाएँ।

## नायब तहसीलदार ढालसिंह बिसेन ने स्थल पर पहुंचकर किसानों से ली जानकारी

# कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद नगपुरा में खेतों से पानी निकासी के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगपुरा में 300 एकड़ से ज्यादा की फसल बर्बादी और खेतों में भरे पानी के मामले को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जानकारी ली है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल पानी निकासी के इंतजाम किए जाएं। तकनीकी दिक्कतों को दूर कर फसलों की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इसके बाद नायब तहसीलदार ढालसिंह बिसेन ने स्थल पर पहुंचकर किसानों से जानकारी ली। मौके से पानी निकासी के इंतजाम कराया। बता दें कि किसानों की इस समस्या को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखताा से खबर का प्रकाशन किया था। इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में काम शुरू किया गया। जानकारी के मुताबिक पिछले 5 वर्षों से खेतों में जल भराव की समस्या झेल रहे किसान चेतन यादव, सुरेश सिन्हा, बिसौहा राम धनकर, इरेंद्र यादव, प्रदीप देवांगन, हेमलाल सिन्हा, हेमचंद धनकर सहित सैकड़ों किसानों के खेतों में भरा पानी एक सप्ताह के बाद निकल पाया। किसानों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब इस बारिश में उनकी फसलें नहीं डूबेगी और वह पूरा उत्पादन ले पाएंगे । लेकिन स्थाई हल के लिए हम प्रशासन से सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार बारिश के बाद नाला के निर्माण की मांग करते हैं ।



### पानी निकासी वाली जगह पर निजी जमीन से हुई दिक्कत

तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया कि किसानों ने जानकारी लेने के बाद पता चला कि तीन दिन की बारिश के बाद किसानों के खेतों में पानी अवरुद्ध हो गया था। मौके का निरीक्षण करने पर पता चला कि पहले जहां से पानी की निकासी होती थी, वह निजी जमीन थी। जहां पर कोई स्ट्रक्चर बन गया है। फिलहाल वहां पर कोई नाला नहीं था। इसके लिए निजी जमीन भू धारक को समझाया गया कि पानी की निकासी के लिए रास्ता बना कर दे, ताकि किसानों की फसलों को डूबने से बचाए जा सके। उन्होंने वैकल्पिक रूप से नाली का निर्माण कर उसमें पाइपलाइन भी डाल रहे हैं।

### जेसीबी की मदद से खुदाई कर पुलिया डाल बनाई नाली



कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर राजस्व के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। अवरुद्ध पानी के निकासी का रास्ता बनाकर किसानों की समस्या के निराकरण किया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ढाल सिंह बिसेन ने पीड़ित किसानों को बुलाया गया था । किसानों की सहमति पर पानी की निकासी के लिए वैकल्पिक रास्ता बनाया गया। जेसीबी से खुदाई कर नाली बनाकर उसमें आज पुलिया डाला गया।

## पेज 11 के शेष

### मुख्यमंत्री विष्णु देव ने 'मोर गांव ...

से जोड़ने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश की 11,000 से अधिक पंचायत भवनों की दीवारों पर भूजल स्तर अंकित कर व्यावहारिक जागरूकता को बढ़ावा दिया गया है। अभियान के तहत दीवार लेखन, रैलियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 56,000 से अधिक लोगों को जल प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही जीआईएस तकनीक से जल संरक्षण कार्यों की प्रभावी योजना तैयार की जा रही है, जबकि जलदूत ऐप के माध्यम से खुले कुओं के जल स्तर की मॉनिटरिंग की जा रही है। परकोलेशन टैंक, अर्दन डैम और डिफंक्ट बोरवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर जैसे उपायों के माध्यम से जल पुनर्भरण को मजबूत आधार मिल रहा है। इन प्रयासों से गांवों में जल संरक्षण की नींव मजबूत हो रही है और छत्तीसगढ़ जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक राष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभर रहा है।

### जिला झेरिया ...

विषयों पर हर संभव प्रयास किया जाएगा साथ अन्य राज्य, परिक्षेत्र शेष कार्यकारिणी घोषणा किया जाएगा और सभी को जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा। प्रदेश में बालोद जिला धोबी समाज को रचनात्मक कार्य से पहचान बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष लेखराम निर्मलकर, बालोदराज अध्यक्ष भीमसेन निर्मलकर, श्यामलाल निर्मलकर, रिकेश्वर निर्मलकर, बलराम निर्मलकर, अवधराम ग्वाले, —पाराम रजक, प्रहलाद निर्मलकर, चौनसिंह निर्मलकर, सुरेश निर्मलकर, रामलाल, चुन्नू निर्मलकर, डेम निर्मलकर, कल्याण सोनवानी, खेमराज निर्मलकर, अश्वनी निर्मलकर, राजा निर्मलकर, प्रेम निर्मलकर, गुहा निर्मलकर, जितेन्द्र निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, रूपेश सोनवानी ने हर्श व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**



## पीटीआई रंजना साहू ने कराया न्योता भोज

**डौण्डीलोहारा।** श्रीमती रंजना साहू पी. टी. आई. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहगांव ने अपने भैया स्व. राकेश हिरवानी की स्मृति में शा. प्रा./माध्यमिक शाला सहगांव में न्योता भोज कराया। न्योता भोज में चावल- दाल सब्जी के साथ खीर- पुड़ी , पापड़ परोसा गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्री बी.एस. रावटे, संरक्षक दिलीप कुमार मेश्राम, शिक्षाविद गोविन्द सिंह चुरेन्द्र, विद्यलयीन स्टाफ के. एल. चुरेन्द्र, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, गिरीश कुमार निर्मोही, केशर अलेन्द्र, नेतराम हिरवानी, योगिता ठाकुर, शहनाज़ बेगम, राजेश्वरी गावड़े, लोकेश्वरी नायक, दुलौरीन सहारा, सुरेखा यामले, लीला यादव आदि उपस्थित थे।

## पीजीडीसीए के लिए प्रवेश चालू

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय संत राजाराम शदाणी नागरिक महाविद्यालय में इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स के लिए 16 जुलाई से आगामी 24 जुलाई तक ऑन लाइन प्रवेश लिया जा सकता है। महाविद्यालय प्रशसान से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में पीजीडीसीए विषय मे प्रवेश लेने वाले इच्छुक छात्र-छात्राएं आगामी 24 जुलाई तक ऑन लाइन आवेदन कर इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में विषय में प्रवेश ले सकते हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में सीमित सीटे हैं, इसलिए पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश सम्पन्न होगा। महाविद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबद्धता होने से पीजीडीसीए के छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान किया जाता है।

## भरदाकला सहकारी समिति में खाद की कमी किसान परेशान

**बालोद/निकुम।** विकासखंड गुण्डरदेही के सेवा सहकारी समिति भरदाकला खाद की किल्लत बनी हुई है, जिसमें 1402 पंजीकृत किसान पंजीकृत किसान, भरदाकला, बघेली, चीरचार, बोड़ेना में आते हैं बारिश होते ही यूरिया की मांग बढ़ गई है लेकिन बीते डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी किसानों को पर्याप्त मात्र में खाद नहीं मिल रहा है। साढ़े तीन करोड़ की राशि किसानों को बाटी गई, लेकिन खाद लेने अन्न दाता बेबस होकर चकवे की तरह खाद लेने रोज चक्कर काट रहे है, सोमवार को 580 बेग यूरिया खाद पहुंची, लेकिन बुधवार को सैकड़ों किसान खाद लेने पहुंचे, वही मौके पर ग्राम पंचायत भरदा कला के सरपंच क्रांतिभूषण साहू खुद पहुंच कर किसानों को समझाकर किसानों यूरिया खाद का वितरण किया। इनमें महिला किसान भी शामिल है, जो घर का कार्य छोड़कर यूरिया के लिए लाइनों में लगने को मजबूर है। जिसके लिए दूर–दराज गांव से

**समक्ष : न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बालोद जिला बालोद छ.ग.**
**सक्सेशन सर्टिफिकेट मिलने के लिए की गयी दरखास्त का समंस (अंतर्गत धारा 373) (1) इंडियन सक्सेशन एक्ट 1925**

सक्सेशन प्र.क्र. - 04/2025
नियत पेशी दिनांक - 11.08.2025
प्रो. क्र. 319/25

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बालोद जिला बालोद छ.ग.**

श्रीमती अनेश्वरी व अन्य 01 .....आवेदकगण
विरूद्ध
आम जनता (जिनसे संबंध हो ) ....अनावेदकगण
**बनाम** – आम जनता, जिनका संबंध इस प्रकरण से हो।
**मृतका का अंतिम निवास स्थान :-** वार्ड क्र. 01 ग्राम टेकापार थाना / तह. व जिला बालोद छ.ग.

उक्त आवेदकगण-01. श्रीमती अनेश्वरी बाई पति स्व. सत्यदेव उईके जाति गोंड़, उम्र 37 वर्ष, 02 श्रीमती सरस्वती बाई पति स्व. जिवराखन उईके, उम्र 62 वर्ष दोनों निवासी वार्ड क्र. 01 ग्राम टेकापार थाना / तह. व जिला बालोद छ.ग. ने आपके खिलाफ या जिससे संबंधित हो मृतक स्व. सत्यदेव उइके पिता स्व. जिवराखन उईके निवासी वार्ड क्र. 01 ग्राम टेकापार थाना/तह. व जिला बालोद छ.ग. की मृत्यु होने पर मृत्यु उपरांत मृतक स्व. सत्यदेव उइके के द्वारा निवेशित मय ब्याज राशि प्रावधानानुसार प्रदान करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि, यदि आपको मृतक की सम्पत्ति / उत्तराधिकार के संबंध में कोई हक या दावा या किसी प्रकार से अधिकार प्राप्त हो तो आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक 11.08.2025 को दिन 10:30 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित न्यायालय में प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी यदि उक्त नियत दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाए अथवा मैं स्वयं अवकाश पर रहूं तो आवेदन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

अतः आज दिनांक 16.07.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर
**(संजय कुमार सोनी)**
**व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी**
**बालोद जिला बालोद (छ.ग.)**

# पांच दिनों के बाद शाम को बारिश, उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पांच दिनों के बाद मंगलवार की रात करीब 8 बजे अच्छी बारिश हुई। पिछले दो दिनों से बादल आ रहे थे लेकिन कहीं -कहीं चंद मिनट तक ही बरसते। जिसकी वजह से लोगों को धूप व बदली से उमसभरी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश होने से लोगों को इस दिक्कत से राहत मिली। मौसम विभाग ने दो दिन बाद भारी बारिश की चेतावनी दी है। 16 व 17 जुलाई को हल्की व मध्यम बारिश अलग-अलग क्षेत्रों में हो सकती है।

## मौसम विभाग ने जारी की दो दिन बाद भारी बारिश की चेतावनी

### मौसम में ऐसा बदलाव

मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर झारखंड और उससे लगे दक्षिण बिहार के ऊपर स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड दक्षिण बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरफ अगले 24 घंटे में आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून द्रोणिका बीकानेर, उत्तर राजस्थान, हमीरपुर, उत्तर झारखंड, कोंटई और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। 16 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।



### चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तापमान

दुर्ग जिले में अधिकतम तापमान में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को औसत अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया था। अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं दिखा। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले यानी सोमवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस था।

### अब तक 311.3 मिमी औसत बारिश

जिले में 1 जून 2025 से 15 जुलाई 2025 तक 311.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 413.3 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 252.0 मिमी. तहसील बोरी में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील धमधा में 271.8 मिमी, तहसील अहिवारा में 372.6 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 275.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 282.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 15 जुलाई को तहसील दुर्ग में 0.0 मिमी, तहसील धमधा में 9.0 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 5.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 3.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 12.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### राज्य शासन के नाम एसडीएम एवं सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा

# बिजली दर में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना एवं निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा






आमजनों व किसानों के बिजली के रेट में बढ़ोतरी के खिलाफ बीजेपी सरकार के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया। साथ ही नगर के कांग्रेस भवन से बाइक रैली के माध्यम से नगर के बिजली आफिस तक पहुंचे व शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई साथ ही बढे हुए बिजली के रेट को कम करने हेतु राज्य शासन के नाम एस डी एम शिवनाथ बघेल एवं सहायक अभियंता मनीराम तारम को ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान कार्यकर्ताओ ने राज्य शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इसके पूर्व कांग्रेस भवन में सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा भाजपा के 2 साल के कार्यकाल पूर्ण होने को है आमजनों में भाजपा सरकार का विरोध उभरकर सामने आ रहा है भाजपा ने अच्छे दिन का सपना दिखाकर कांग्रेस के कार्यकाल में हुए जन अभियान योजना को खारिज करते हुए विद्युत उपभोक्ता को अतिरिक्त भार के रूप में बिजली के बिल में बढ़ोतरी कर जनता के जेब में डाका डालने काम कर रही है।

**बिजली बिल में बढ़ोतरी किसान व जनता के हित में नहीं :** प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा ने कहा कि बिजली बिल में बढ़ोतरी किसान व जनता के हित में नही है।किसान वर्ग खाद की कमी से जूझ रहे हैं वही बिजली के बिल में बढ़ोतरी से आमजन व किसानों को डबल परेशान करने वाली है।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने कहा भाजपा की कथनी और करनी दोनों अलग-अलग है जन हितैषी पार्टी का दुहाई देने वाली सरकार जनता के हितों का दोहन कर रही है जिला महामंत्री हस्तीमल सांखला ने कहा डबल इंजन की सरकार इस तरह से किसान विरोधी गतिविधियों में लिप्त है किसान के पास खाद नहीं युवाओ के पास रोजगार नहीं है वहीं बिजली के दर में बढ़ोतरी जिससे सभी लोग प्रभावित होंगे।ब्लॉक महामंत्री मेघनाथ साहू ने कहा की बिजली के दर में बढ़ोतरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी बिजली के दर में बढ़ोतरी से गरीब किसान मजदूर छोटे किसान छोटे व्यापारी मीडियम वर्ग के कर्मचारी सभी प्रभावित होंगे ।इस अवसर पर जिप सदस्य राजाराम तारम ने कहा भाजपा उघोगपतियो की पार्टी है उसके रिमोट मे काम रही है।

इस अवसर पर जोन प्रभारी गणेशाराम रात्रे ने कहा की किसान की यह परेशानी भाजपा सरकार के लिए बहुत ही घातक परिणाम देने वाली है सरकार के रवैया से सभी वर्ग परेशान हैं।इस अवसर पर सरोज पटेल दिलीप कुमार बघेल नेतराम भांडेकर झुमुकलाल परसाई पुरुषोत्तम भुआर्य किशोर दीवान गिरवर गुलाब भंसाली कमलेश टांक डोमेन्द्र साहसी उत्तम ठाकुर सेवकराम सेवता गोपाल ढाले बी आर रात्रे जुगरू बघेल वैभव साहु कोकिला सुमन भंडारी भूपेंद्र साहू भूपेंद्र सहारे भुनेश्वरसाहू राजेंद्र निषाद लक्ष्मी भोयर भावसिंह गोटी निरंजन ओटी मंथीर भंडारी तुलाराम नायक दुकालू साहू खुमानकुरेटी भूपेश नायक लोकनाथ निषाद विनोद गौड़ राजकुमार ग्वाल संतोष गुप्ता डोमन लाल साहू ड्रोन कुमार टंडन विशाली राम पटेल हेमलाल प्रजापति चंद्र कुमार देश लहरे तारम सागर शैलेंद्र गायकवाड दुष्यंत चंद्राकर अरविंद देशमुख महेंद्र नायक चेतन राणा भारत पटेल छन्नू ठाकुर रामचरण मानकर देव कुमार राणा देवनारायण मानकर चंद्रशेखर चुरेंद्र, चेतन राणा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खाद की किल्लत किसानों ने तख्ती लेकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे लगातार खाद की किल्लत के कारण किसानो को कृशि कार्य मे दिक्क्तो का सामना करना पड़ा रहा है जिससे किसानो मे लगातार आक्ऱेश बढ़ता जा रहा है इसी बढ़ते आक्रोश का असर ग्राम करहीभदर मे देखने को मिला जहां किसान तख्ती लेकर मुख्य मार्ग मे प्रदर्शन को उतर गए और खाद उपलब्ध कराने की मांग करते दिखे।

जहां किसानो द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन की जानकारी पर प्रशासन मौके पर पहुंचा और किसानो को शांत कर मार्ग बहाल करने का काम किया गया। ऐसे ही जिले के अन्य समितियो मे किसानो द्वारा किए जा रहे खाद की मांग को लेकर लगातार खबरे आ रही है ऐसे मे खाद पर्याप्त मात्र मे न मिलने के कारण किसानो को खाद समितियो मे आने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जिसके कारण खेती किसानी प्रभावित हो रही है जिससे फसल पर प्रभाव पड़ने की आशंका के कारण किसानो के सब्र का बाढ़ टूटते जा रहा है और किसान लगातार जल्द पर्याप्त मात्र मे समिति के माध्यम से खाद उपलब्ध कराने की मांग कर रहे है। वही जिले के कई सक्षम किसान निजी कृशि दुकानो से खाद लेकर अपने खेतो मे खाद का छिड़काव करते दिख रहे है ताकि समय पर फसल को खाद की आपूर्ति हो और फस्ल पर कोई प्रभाव न पड़े।



## सफाई कर्मियों की सुरक्षा को मिली मजबूती, उपकरण बांटे



**दल्लीराजहरा।** नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा द्वारा नमस्ते दिवस के अवसर पर सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई में लगे 16 कर्मचारियों को अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण प्रदान किए गए। यह वितरण स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह पहल राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र कार्य योजना (NAMASTE) के तहत की गई, जिसे आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से वर्ष 2023 में शुरू किया गया था। योजना का उद्देश्य सफाई कार्यों में शून्य मृत्यु दर सुनिश्चित करना और कर्मियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम के दौरान सफाई अपनों, बीमारी भगाओ अभियान के तहत सभी सफाई कर्मियों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई, जिससे उनका मनोबल और संकल्प और मजबूत हुआ।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, उपाध्यक्ष मनोज दुबे, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग प्रभारी पार्षद अरुण बाई रामटेके, रेखा बाई सहारे, निर्मल कुमार पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी राम गोपाल चंद्राकर, स्टोर प्रभारी पंकज चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन जिला समन्वयक विक्रांत कुमार साहू सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे,,!

## उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम सफल हुआ



**बालोद।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से रैंप (राईसिंग एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई पर्फोमेंश) योजना अंतर्गत आमापारा बालोद में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, महिला उद्यमियों के प्रतिनिधियों, पीएमएफएमई एवं पीएमईजीपी योजना के लाभार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में जिले के एनबीएफसी सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने उपस्थित उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं ऋण सुविधाओं मुद्रा योजना और के लाभों की जानकारी दी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। इस दौरान उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं का साझा किया। जिन पर बैंक अधिकारियों ने समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं आईटीआर के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही लोन लेने हेतु उपरोक्त दस्तावेजों की भूमिका, केवायसी, टर्मलोन एवं सीसी तथा सिबिल स्कोर के महत्व के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## खरथुली में गठित छात्र संसद को प्राचार्य ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शासकीय उच्च, माध्यमिक विद्यालय खरथुली में सत्र 2025–26 के लिए छात्र–छात्रओ से छात्र संसद का गठन किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियो को प्राचार्य भागवत चतुर्वेदी ने शपथ दिलाया।

जिसमे 12वी के छात्र टिके"वर को अध्यक्ष बनाया गया, वही छात्र प्रतिनिधि याचना, अनुशासन प्रमुख हशिना, भूमिका चन्द्राकर एवं अनुशासन सहप्रमुख सिंधिया, प्रार्थना प्रमुख पूजा, क्रीड़ा प्रमुख हितेश कुमार, सांस्—तिक सचिव तुलसी, खोया पाया आस्त्रिया, इकोक्लब प्रमुख प्रवीण कुमार, स्काउट प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, बागवानी प्रमुख यामिनी, उत्सव प्रमुख अलका, रेडक्रास प्रमुख ऐष्वर्या चन्द्राकर, पुस्तकालय प्रमुख स्वाति मिश्रा एवं जया तारम को संग़ठन सचिव का दायित्व और पद दिया गया है। प्राचार्य भागवत चतुर्वेदी ने कहा विद्यालय में संस्कार पूर्ण वातावरण तैयार करना एवं सम्पूर्ण जिम्मेदारी छात्र संसद की होगी। छात्र संघ प्रभारी गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने कहा कि अनुशासन ही व्यक्ति को महान बनाता है, अनुशासन में रहकर ही स्कूल की समूर्ण गतिविधियों का संचालन छात्र संसद को करना है, जिम्मेदार होना और अपने जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन करना आप की बहुत बड़ी चुनौती है। इस अवसर पर रेखा देशमुख, राजेश साहू, डामेंद्र साहू, यसोदा नायक, इंदु वर्मा, होरीलाल पटेल, खेमलाल ठाकुर, लालेश्वर ठाकुर, हरीश रावटे, अध्यक्ष शाला प्रबन्धन मानसिंह तारम एवं विकास समिति भीषम कुमार चन्द्राकर, सरपंच हरखराम खरे, ग्राम पटेल रामदयाल बनजारे, कीर्तनराम देवांगन, दिलेन्द्र साहू, संजय मिश्रा, खुमान यादव, नारायण चन्द्राकर, हेतराम चन्द्राकर, -ष्णराम भुआर्य, खुमान तारम सभी अभिभावकों एवं ग्रामीण जनो ने छात्र छात्रओ के प्रति हर्श व्यक्त की।

### कार्यक्रम में 22 गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार व 8 नवदम्पत्ति भाई बहन प्रशिक्षण प्राप्त किया

# अरजपुरी में चलाया गया आओ गढें संस्कारवान पीढ़ी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विकासखंड डौंडीलोहारा के वनांचल ग्राम अरजपुरी में रविवार को आओ गढ़े संस्कार वान पीढ़ी अभियान के तहत सामूहिक पुंसवन संस्कार तथा नव विवाहित युगल दंपति का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 22 गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार व 8 नवदम्पत्ति भाई बहन प्रशिक्षण प्राप्त किए। इस अवसर पर जिला संयोजक आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी तुलसी साहू ने कहा कि आप श्रेष्ठ माता-पिता बनने अभी से तैयारी करें। उपासना, साधना को दिनचर्या में शामिल करें ,अच्छी साहित्य पढ़ें, सकारात्मक चिंतन बनाए रखें, ऋषी परंपरा को जीवन में उतारें । तो श्रेष्ठ पीढ़ी के निर्माण में आपकी भी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित होगी। देवता जैसे संतान प्राप्त करने के लिए घर में मंदिर जैसे वातावरण बनाया जाना चाहिए। ब्लॉक मितानिन प्रशिक्षक नैन साहू ने कहा कि जिस तरह शिशु के शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाता है वैसे ही उनके मानसिक, नैतिक सामाजिक स्वास्थ्य बनाने पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वरिष्ठ गायत्री परिजन वारुणी दिल्लीवार ने बलिवैश्व यज्ञ के बारे में जानकारी दी और कहा कि यह माताओं के हाथ में रिमोट कंट्रोल है जिससे परिवार को सुसंस्कृत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में 50 भाई बहनों की उपस्थिति रही। अंत में गर्भवती बहनों को श्रीफल तथा सभी लोगों को सद्साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में कैलाशनाथ साहू, विदेशी चौहान, विरेन्द्र कुमार बघेल, रेखा साहू, योगिता भुआर्य, क्षेत्र के सभी मितानिन का सक्रिय सहयोग रहा।


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE
मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम - दानीटोला, पोस्ट - भैसबोड़, तहसील - डौंडी, जिला - बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, शहर में सहायक अभियंता कार्यालय की स्वीकृति की मांग

**बालोद।** सहायक अभियंता बालोद शहर नया कार्यालय प्रारंभ करने की अनुमति की मांग करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम सांसद भोजराज नाग को जनसेवक संजारी बालोद विधासभा प्रत्याशी व पूर्व प्रदेश मंत्री भाजापा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि बालोद जिला बनने के बाद विद्युत उपभोक्ता की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। बेहतर विद्युत सेवांओ के लिए बालोद शहर मे एक नया सहायक अभियंता कार्यालय प्रारंभ किया जाना जनहित मे बहुत आवश्यक है। इसलिए नया सहायक अभियंता कार्यालय प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान किया जाए।

### बैंकर्स-उद्योग संवाद है आर्थिक मदद की राह

**दल्लीराजहरा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से रैंप योजना के तहत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों महिला उद्यमियों, तथा पीएमएफएमई एवं पीएमईजीपी योजनाओं के लाभार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमियों और बैंक अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर वित्तीय योजनाओं और ऋण संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में एनबीएफसी समेत विभिन्न राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर मुद्रा योजना, टर्म लोन, सीसी लिमिट, केवायसी प्रक्रिया, सिबिल स्कोर, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा की महत्ता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि यह मंच उद्यमियों को बैंकों से जुड़ी जटिलताओं को समझने, अपने व्यापार संबंधी समस्याओं को साझा करने तथा समाधान प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।इस संवाद के माध्यम से प्रतिभागियों को न सिर्फ ऋण प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की जानकारी मिली बल्कि बैंकों के साथ विश्वास और सहयोग का सेतु भी मजबूत हुआ।

### भाई पर हमला करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते अपने चचेरे भाई को तलवारनुमा हथियार से प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को पकड़ लिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम झीठ निवासी हुसैन मोहम्मद डॉयल 112 में कॉल कर सूचना दिया कि बेटा इकबाल मोहम्मद अपनी पान दुकान में बैठा था। तभी उसका चचेरा भाई आरोपी अनीस उर्फ हनीफ मोहम्मद बाइक से पहुंचा। इकबाल से अपनी पत्नि के साथ हुए विवाद के चलते आरोपी की पत्नि उसका घर छोड़कर चली गई थी। इकबाल ने अनीस की पत्नि को उसके पिता से फोन पर बात कराया था। इससे नाराज होकर आरोपी अनीस ने इकबाल पर जान से मारने की फिराक में था।

---

#### जलेस के प्रांतीय अध्यक्ष डा. परदेशीराम वर्मा और साहित्यकार डॉ.अशोक यात्रा में पहुंचे

# मनखे-मनखे एक समान के संदेश के प्रचार के लिए सद्भावना यात्रा प्रारंभ, फोल्डर विमोचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जनवादी लेखक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष साहित्यकार डॉ.परदेशी राम वर्मा का बालोद आगमन के अवसर पर अन्नपूर्णा पैलेस के आयोजन में सद्भावना यात्रा फोल्डर का विमोचन किया गया।

यह फोल्डर उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में साम्प्रदायिक सद्भावना यात्र प्रारम्भ किया गया। यह यात्र छत्तीसगढ़ के उन धर्म स्थलों की यात्र करके लोगों में साम्प्रदायिक सद्भावना जागृति के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिन पर निरंतर लेखन जारी है, इस यात्र के लेखक मण्डल में बालोद के साहित्यकार डॉ.अशोक आकाश भी शामिल है, जिनके द्वारा इन स्थलो एवं उसके निर्माण की कहानी लिखी जा रही है। इस यात्र के माध्यम से जनवादी लेखक संघ सभी धर्मों में मनखे मनखे एक समान की भावना जागृत करते हुए उन जगहों की यात्र कर सामाजिक सद्भावना तलाशने की कोशिश की है, जहाँ पर हिन्दू मुस्लिम के बीच भाईचारा की भावना के तहत मेल मिलाप एवं आपसी सामंजस्य से धार्मिक कार्य होते हैं। छत्तीसगढ़ में हिन्दू, सिक्ख, मुस्लिम, ईसाई सभी सम्प्रदाय में समान सम्मान की भावना है, जो सदैव बरकरार रहे यह कोशिश छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रें में लगातार




की जाती रही है, जिसे देश और दुनिया के सामने लाने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से जनवादी लेखक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.परदेशी राम वर्मा ने अभिनव पहल किया है। इस यात्र में कमलेश चन्द्राकर, अब्दुल कलाम, बद्रीप्रसाद पारकर, मुनीलाल निषाद, डॉ.अशोक आकाश, महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू शामिल रहे।

**सहयोग मिला:** उक्त यात्र में पद्मश्री शमशाद बेगम, मुहम्मद जाकिर हुसैन, केशव राम साहू, चोवाराम वर्मा बादल, मुबारक हुसैन, इनायत खान, भगवती साहू, अजीमुद्दीन खान अलबेला, लियाकत अली, ठाकुर रघुनंदन सिंह, हुसैन अली, पी.सी.रथ, डॉ.सुखनन्दन धुरव, जुम्मन अली, प्रखर वर्मा, रमाकांत वर्मा, बिसमिल्ला बेगम, अरमान अली एवं स्थानीय गाँव के लोगों का भरपूर सहयोग मिला।

जिसके सहयोग से यह यात्र सफलतापूर्वक जारी है, जिसके तहत चरोदा धरसींवा के पूर्व सरपंच बाबू खान द्वारा निर्मित विशाल शिव मंदिर एवं विष्णु कुण्ड, हथबंध में हिन्दुओं के सहयोग से निर्मित मस्जिद, गुण्डरदेही के पूर्व जमीदार की हवेली से मुहर्रम में निकलने वाली ताजिया, ग्राम कण्डरका हिन्दू एवं मुस्लिम एकता की मिशाल कायम करते मुहर्रम पर निकलने वाली सवारी की ताजिया जिसे उठाने वाले मुजावर ठाकुर रघुनंदन सिंह, हिन्दू बहुल ग्राम चेटुवा की बावली से निकलने वाली नाल, कंडरका के सुप्रसिद्ध हरिकीर्तन गायक रज्जाक मियाँ, रामायणी शेर अली के स्थलों को देखकर उसके अनुभवों का दस्तावेज दुनिया के लिये साम्प्रदायिक सद्भावना का बड़ा प्रमाण है। इस सद्भावना के प्रतीकस्थल की यात्र करते लेखकों की टोली कबीर, रसखान, मलिक मुहम्मद जायसी, रहीम, तुलसीदास, प्रेमचन्द, संत पवन दीवान के संदेश लोगों तक पुनः प्रसारित कर रहे हैं।

#### सद्भावना संदेश प्रसारित

शायर साहिर लुधियानवी द्वारा लिखित अमर गीत न हिन्दू बनेगा न मुसलमान बनेगा, इंसान की औलाद है इंसान बनेगा, संत कवि पवन दीवान के गीत हिन्दू भाई ल करँव जयराम, मुस्लिम भाई ल करँव सलाम, धरती बर वो सबे बरोबर, का हाथी का चाँटी रे भैया, तोर धरती तोर माटी विख्यात कृष्ण भक्त संत कवि रसखान लिखित सवैया मानुष हौं तो वही रसखान, बसौं ब्रज गोकुल गॉव के ग्वारन के संदेश जन जन तक प्रसारित कर रहे हैं। उक्त सद्भावना यात्र पर फोल्डर निर्मित कर उसे जन –जन तक प्रसारित कर विभिन्न धर्मों में आपसी सद्भाव निर्माण के उद्देश्य से निर्मित फोल्डर का विमोचन डॉ.परदेशी राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में अन्नपूर्णा पैलेस बालोद में किया गया। इस अवसर पर लेखक बद्री प्रसाद पारकर, मुनीलाल निषाद, शायर अब्दुल कलाम एवं जनवादी लेखक संघ के बालोद जिला संयोजक डॉ.अशोक आकाश उपस्थित थे।

---

## रासेयो ने कलेक्टर को भेंट की स्केच फोटो



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

अद्वितीय नेतृत्व क्षमता और जिले के विकास में किए गए कार्यों की सराहना के प्रतीक के रूप में स्केच जिले के कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को भेंट की गई। यह भेंट संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में जाकर राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना यशवंत टंडन और स्वयंसेवक चेतन सिन्हा ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को भेंट किया।

दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि यह स्केच उनके लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरणा का स्त्रोत होगा और वे जिले के विकास के लिए और भी अधिक प्रयास करेंगी। बालोद जिले के कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की स्केच को बनाने वाली ग्राम खुटेरी निवासी पायल निषाद है, जिसने उसकी हू–ब–हू स्कैच बनाई है। कलेक्टर ने उनकी खूब सराहना की और धन्यवाद दिया। इस अवसर पर यशवंत टंडन और चेतन सिन्हा ने कहा कि दिव्या उमेश मिश्रा की नेतृत्व क्षमता और उनके द्वारा जिले के विकास में किए गए कार्यों ने उन्हें बहुत प्रभावित किया है और वे उनके कार्यों की सराहना करते हैं।

---

## हरित क्रांति के अग्रदूत चंद्रकांत कौशिक को 'पर्यावरण रत्न' सम्मान से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा



प्राकृतिक धरोहर को सहेजने, सड़कों से लेकर मोहल्लों तक हरियाली की चादर बिछाने और लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता जगाने वाले छत्तीसगढ़ के प्रशासनिक अधिकारी चंद्रकांत कौशिक को 'पर्यावरण रत्न' सम्मान से अलंकृत किया गया है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा सावन के पहले सोमवार को हरित कांवड़ यात्रा के अवसर पर आयोजित विशेष पौधारोपण समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जिन्होंने कौशिक को इस सम्मान से विभूषित किया। चंद्रकांत कौशिक, जो वर्तमान में बालोद जिले में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं, ने अपने पूर्ववर्ती कार्यकाल में राजनांदगांव को 'हरित नगरी' बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। उनके नेतृत्व में हजारों पौधे लगाए गए, ग्रीन बेल्ट का विस्तार किया गया और आम जनता को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। श्री बागेश्वर ट्रस्ट, जो भगवान भोलेनाथ की प्रेरणा से हर वर्ष सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय गतिविधियों का संचालन करता है, ने इस बार जलार्पण के उपरांत अपने परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्तों, छात्र-छात्राओं और पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि चंद्रकांत कौशिक की हरियाली अभियान की बदौलत राजनांदगांव में बीते वर्षों में जो हरित क्रांति आई, उसने पर्यावरण के प्रति जनभागीदारी का नया अध्याय रचा। ट्रस्ट उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित हुआ है।

छत्तीसगढ़ जैसे तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ते प्रदेश में चंद्रकांत कौशिक जैसे प्रशासनिक अधिकारियों की हरित सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। 'पर्यावरण रत्न' सम्मान उनके द्वारा शुरू किए गए 'हरियाली आंदोलन' की मान्यता है, जो अब छत्तीसगढ़ भर में उदाहरण बनता जा रहा है।

---

## एबीवीपी ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का किया सम्मान

**गुरूर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बालोद इकाई गुरूर द्वारा छात्र सम्मान समारोह का कार्यक्रम तहसील साहू सदन कोलिहामार गुरुर में आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड, प्रमाण पत्र व महानायक की जीवनी, पुस्तिका देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्याथऍ परिषद द्वारा पांच परिवर्तन समाज में युवाओं की भूमिका, संस्कृति, परंपरा, जनजाति गौरव गाथा जैसे विषयों पर उद्बोधन देकर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि समाज सेवी विश्वजीत ने कहा कि ज्ञान की विपाशा व लगन हो तो दुनिया की किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है शिक्षा ऐसी नींव है। जिससे सभी काम आसान हो जाता है देश भी शिक्षा से ही आगे बढ़ सकता है, उन्होंने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई आने पर धैर्य से काम ले। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक डेमन तरार के विभाग कार्यवाह इसके साथ सामाजिक व्यक्तियों के रूप में गायत्री परिवार व संघ परिवार से भी अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में हर्ष साहू, जै किशन, दिपेश साहू, चैतन्य कुमार, मीनाक्षी, रेशमा, देवेंद और अन्य सभी इकाई के कार्यकर्ता व गायत्री परिवार के युवाओ का विशेष सहयोग रहा।




---

## सरस्वती शिशु मंदिर में बाल भारती और शिशु भारती का किया गठन



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में विद्यालय की दैनिक गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन के लिए बाल भारती एवं शिशु भारती का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष तीरथ पटेल, उपाध्यक्ष हिमांशी ठाकुर, मंत्री वरुण साहू, उप मंत्री भावना टंडन, सेनापति मीनाक्षी पटेल, उप सेनापति कुणाल साहू, बाल भारती विभाग प्रार्थना प्रमुख वर्षा रानी, जिज्ञासा, शारीरिक प्रमुख चेमन पटेल, रेशमा, स्वच्छता एवं साज सज्जा गगन, हर्षित साहू, चिकित्सा प्रमुख डामेश्वरी, अंकित साहू, अनुशासन प्रमुख दिशांत, सूर्यभान, बागवानी प्रमुख नोयांश, लक्ष्मी, पेयजल दीपांशु, दीक्षा, खोया पाया यश, साधना, सांस्कृतिक रंगमंच हिमांशी, तुषार, पुस्तकालय प्रमुख इशांत, गूंजीता, अतिथि स्वागत वेद कुमार, रागिनी, भोजन प्रभारी पुलेश, नेहा, विसर्जन प्रमुख नव्या, भूपेंद्र, भूमिका, पटेल को जिम्मेदारी दिया गया है। प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने सभी पदाधिकारीयो का तिलक लगाकर स्वागत किया। बौद्धिक प्रमुख वरिष्ठ आचार्य सूचित राम कलिहारी ने सभी को सफल भूमिका निर्वहन करने के लिए शपथ दिलाया।

इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, लीलेश्वरी साहू, रंजना, सिन्हा, रेणुका सिन्हा, छबीलता पटेल, ईश्वरी ठाकुर ने बाल भारती एवं शिशु भारती के समस्त पदाधिकारीयो के समस्त पदाधिकारियो ने हर्श व्यक्त किया।

---

## मानस प्रतिष्ठान 10 को तहसील स्तरीय तुलसी जयंती मनाएगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

तुलसी मानस प्रतिष्ठान तहसील इकाई बालोद की बैठक झलमला स्थित गंगा मैया धर्म मंच में हुई। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाने पर चर्चा हुई। 31 जुलाई को राज्य स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास की जयंती समारोह दंतेवाड़ा में होगा। तहसील स्तरीय आयोजन 10 अगस्त को करने का प्रस्ताव रखा गया। इस संबंध में अगली बैठक 20 जुलाई को दोपहर 2 बजे से गंगा मैया मंदिर के धर्म मंच में रखी गई है।

अध्यक्ष बीआर बेलसर, कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन साहू, संरक्षक विष्णु सोरी, पहाड़ सिंह साहू, कोषाध्यक्ष श्यामलाल निषाद ने बताया कि इसी दिन आयोजन स्थल का निर्णय लिया जाएगा। सभी पदाधिकारियों, मानस मंडली के संचालकों और सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में बताया कि प्रदेश स्तरीय तुलसीदास जयंती दंतेवाड़ा के मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए गायत्री मंदिर दंतेवाड़ा में भी बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख, कोषाध्यक्ष छगन यदु, उपाध्यक्ष हृदयराम सोरी, गुप्तेश्वर बघेल, राजेश चौहान, मोतीलाल राठौर, आयोजन समिति के जिला अध्यक्ष खिम्मान सिन्हा, उपाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, सचिव परीक्षित मंडावी, नीलम ठाकुर, नरेंद्र कुमार साहू, शैलेंद्र कुमार ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार संतोष चौहान, मुख्य पुजारी विजेंद्र नाथ जिया शामिल हुए। आयोजन को भव्य बनाने के लिए सुझाव दिए गए बैठक के दौरान अध्यक्ष खिम्मान सिन्हा और गिरधर गोस्वामी ने आयोजन को भव्य बनाने के लिए सुझाव दिए। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। इसमें शोभायात्र, मंच व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक, बैठक, भोजन, पेयजल, आवास, स्वागत, मानस मंडलियों की भागीदारी, मंच संचालन और अतिथियों के चयन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। दंतेवाड़ा विधायक चौतराम अटामी ने आयोजन पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सहयोग देने की बात कही। तुलसीदास की जयंती मनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

---

## जैन समिति के वृहद पौधारोपण में नेम प्लेटों से सजेगा समारोह

**बालोद।** सिरुबाई भोमराज जैन कल्याण समिति द्वारा नगर पालिका बालोद के सहयोग से वृहद पौधारोपण का आयोजन 20 जुलाई को किया जा रहा है, जिसमे पौधारोपण के बाद उन पौधो को रोपित करने वाले लोगो का नेमप्लेट उक्त रोपित पौधो मे लगाया जाएगा ताकि उन्हे सुरक्षित रखने का जिम्मेदारी वे स्वयं ले और पौधारोपण के बाद जिम्मेदारी खत्म न हो और लोग उन पौधो को रोपित कर भुले नही बल्कि उन्हे पौधो से पेड़ बनाने मे अपनी भूमिका निभाएं। बालोद के बूढ़ापारा में नवनिर्मित शासकीय कन्या महाविद्यालय में सिरुबाई भोमराज जैन कल्याण समिति एवं नगर पालिका परिषद बालोद के विशेष सहयोग से युवा मित्र क्लब द्वारा वृहद स्तर पर 20 जुलाई को दोपहर 2 बजे से पौधारोपण का आयोजन किया गया है। समिति के विकास जैन, विनोद जैन ने कहा 20 जुलाई को दोपहर 2 बजे सिर्फ 1 घंटा का कीमती समय अपना निकालकर इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाये, प्रथम सोपान में लगभग 400 पौधे लगाने का लक्ष्य है, इस लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग कर मजबूती प्रदान करे। शहर के पर्यावरण में यह कार्य मिल का पत्थर साबित होगा। समिति के सदस्य ने कहा अगर कोई अपने माँ या अन्य किसी भी परिजन के नाम एक पेड़ लगाने के इक्षुक है तो समिति के पास अपनी माँ, परिजन का नाम तथा अपना नाम भेज कर रजिस्ट्रेशन करा सकते है ताकि समिति द्वारा उसके नाम का नेम प्लेट बना सके।

---

## जनभागीदारी समिति की बैठक में अनेक विकास कार्यों का लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा



शासकीय नैमीचंद जैन महाविद्यालय, दल्लीराजहरा में दिनांक 15 जुलाई 2025 को जनभागीदारी समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में समिति के अध्यक्ष व सदस्यगणों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने संस्थान के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्ताव समिति के समक्ष रखे। बैठक में महाविद्यालय के लिए दो बड़े आकार के कक्ष निर्माण हेतु स्थानीय सांसद भोजराज नाग से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह छतवाल ने महाविद्यालय को अपनी ओर से 10 कार्यालयीन कुर्सियां देने की घोषणा की। बैठक में महाविद्यालय के चौमुखी विकास के लिए निम्न कार्यों पर विचार किया गया। कक्षाओं एवं प्रयोगशाला में खिड़की-दरवाजों की स्थापना, अलमारियों में ताले लगाने की व्यवस्था, परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने की योजना, विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए वित्तीय सहायता की व्यवस्था, वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद द्वारा महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बैठने हेतु 20 तीन-सीटर चेयर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। वहीं, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद सुरेश जायसवाल और वार्ड 07 के पार्षद वीरेंद्र साहू ने यह जानकारी दी कि नगर पालिका दल्ली राजहरा द्वारा हर सप्ताह महाविद्यालय के प्रसाधन कक्षों की नियमित सफाई करवाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता भूपेंद्र सिंह छतवाल ने की। प्राचार्य डॉ. कविता सिंह की उपस्थिति में सुरेश जायसवाल, रमेश गुज्जर, वीरेंद्र साहू, गीता मरकाम, रानू ठाकुर, दमनदीप सिंह, बंटी चोपड़े, निलेश श्रीवास्तव, रवि जायसवाल, डॉ. पी. के. सिंह और डॉ. धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यवाही का लेखन कार्य राकेश मंडल द्वारा किया गया।

---

### कुत्ते से टकराकर बाइक सवार नाली में गिरा, मौत

**भिलाई।** कुत्ते से टकराकर बाइक सवार किशोर नाली में गिरने से उसकी मौत हो गई है। घटना पांच रास्ता सुपेला का है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बाइक से किशोर रौनक दुबे अपने दोस्त को बिठाकर बीती रात घर शंकर पारा से श्रीराम चौक की ओर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार बाइक पांच रास्ता रोड पर आवारा कुत्ते से टकरा गई। इस दौरान रौनक नाली में गिरकर घायल हो गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

---

#### मोदी की गारंटी अनुसार महंगाई भत्ते की मांग

## सीए के नाम कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन के बैनर तले विकासखंड डौण्डीलोहारा के विभिन्न संघो के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौडीलोहारा के माध्यम से 11 सूत्रीय मांग पत्र बुधवार दिनांक 16 जुलाई को सौंपा।

ज्ञापन सौंपने वालों में नेमसिंह ठाकुर, के. आर. जमुर्या, तामेश्वर राणा, आर एल बारले, जितेन्द्र देशमुख, गजेन्द्र कुमार खरे, महेश कुमार जगनायक, दीपक बड़तिया, राजेश पांडे, भागवत तुमरेकी एवं बहुत से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। ज्ञापन में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को एसडीएम डौडी लोहारा



के माध्यम से प्रदेश के शासकीय सेवकों को देय तिथि से महंगाई भत्ता, लंबित एरियर्स राशि सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों का त्वरित निराकरण करने बाबत ज्ञापन सौंपा।छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी प्रदर्शन की बैठक दिनांक 15 जून 2022 को फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा जी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी घटक संगठन के पदाधिकारियों ने ज्वलंत मुद्दों को लेकर मांगों को पूरा करने का निर्णय सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों को मोदी की गारंटी के अनुसार केंद्र के समान दो प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए, प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी के गारंटी अनुसार जुलाई 2019 से समय समय पर देय महंगाई भत्तों के लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत्र समयमान वेतन 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष, 30 वर्ष सेवा पूर्ण करने लागू किया जाए., सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृत किया जाए, प्रदेश में अन्य भाजपा सदस्य राज्यों की भांति कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाए, प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निशर्त लागू करने स्थाई आदेश जारी किया जाए। वर्तमान में 10% सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए।

